# बिखरे हुए हिन्दू समाज को अपनी शक्ति को पहचानना होगा : सेठिया

## बदरवास के रांवसर जागीर में हुआ हिन्दू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**बदरवास, 25 दिसम्बर।** सामाजिक एकजुटता किसी भी समाज की प्रमुख पहचान होती है। बिखरे हुए हिन्दू समाज को अपनी शक्ति को पहचानना होगा और अपनी शक्ति को संगठित कर राष्ट्रद्रोहियों को कठोर जवाब देने की आवश्यकता है। ये बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने बदरवास खंड के रांवसर जागीर में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही।




हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मंत्रोच्चार से हुआ। मंचासीन अतिथियों में आरएसएस के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, राष्ट्रीय संत देव मुरारी बापू, जलगिरी महाराज, भगवताचार्य दुर्गाप्रसाद शर्मा, बसंत रघुवंशी,गजेन्द्र सिंह आदिवासी शामिल थे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित इस हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने कहा कि सामाजिक समरसता और भाईचारा हमारे हिन्दू समाज को आगे ले जाने का काम करेगा। हम महाराणा प्रताप,शिवाजी के वंशज हैं जो घास की रोटी खाकर भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। हम सभी भारत माता की संतान हैं और संतानों में भेद नहीं हो सकता। जिसने हिन्दू का नाम धारण कर लिया वो नाम ही पवित्र और पावन है। हिंदू संस्कृति तो वो संस्कृति है जो पशुओं में भी देवत्व का रूप देखती है।

संत देवमुरारी बापू ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिन्दू सहोदरा की बात पर अमल करना होगा। जब हम सुरक्षित होंगे तो समाज और राष्ट्र सुरक्षित होगा इसलिए राष्ट्र,समाज और परिवार को मजबूती देने के लिए हिंदू समाज को एक होने की आज बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम में आचार्य दुर्गा प्रसाद शर्मा ने भी अपने विचार रखे। हिंदू सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती से हुआ। अंत में सहभोज हुआ जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। हिंदू सम्मेलन में विभिन्न संत महात्मा,गणमान्य जन और आसपास के ग्रामीणजन हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सक्षम बने स्वदेशी मेला संयोजक एवं जिला विकास समिति के सदस्य

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सक्षम भैया जैन को संगठन और प्रशासन में दो महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्हें स्वदेशी मेला का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, साथ ही जिला विकास एवं सलाहकार समिति का सदस्य भी मनोनीत किया गया है।

सक्षम को मिली इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इसी क्रम में फिजिकल नगर मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर फिजिकल नगर मंडल के कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर,



मोनू महाराज, आशिष सोनी एवं सतीश सहित कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। उपस्थित सभी साथियों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सक्षम जैन का अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सक्षम जैन के नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और जिला विकास समिति के माध्यम से क्षेत्र की प्रगति को नई गति प्राप्त होगी। सभी ने उनके यशस्वी कार्यकाल और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की मंगलकामना की।

# अवैध शराब जब्त, 10 प्रकरण दर्ज, 8 आरोपी गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** जिले में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा वृत्त शिवपुरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर रविंद्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में संपन्न हुई।

वृत्त शिवपुरी एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज के अनुसार शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम करई, ग्राम गंगौरा एवं ग्राम भड़ा बावड़ी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 63 लीटर हाथ भट्टी की अवैध शराब जब्त की गई तथा करीब 1500 किलोग्राम गुड़लहान का सैंपल लेकर उसे मौके पर ही नष्ट किया गया।

दबिश के दौरान आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में वृत्त प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक लोकेश बेवारिया, आरक्षक सतीश, डोंगर सिंह, रितिक, डाल सिंह, गिरिराज तथा सैनिक सुमन का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा भविष्य में भी अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

## हर दिन बदल रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** प्रदेश में सोयाबीन बेचने वाले किसानों के लिए प्रतिदिन मॉडल रेट जारी किया जा रहा है, शुक्रवार को 4235 रुपये प्रति क्विंटल का रेट जारी किया गया है. सबसे बड़ी बात ये कि भावांतर योजना के तहत जब से मॉडल रेट जारी किया गया है, तब से लेकर अब तक मॉडल रेट में 300 रुपये के बीच ही अधिकतम और न्यूनतम रेट के बीच अंतर बना हुआ है. ये मॉडल रेट एक बार भी 4300 रुपये प्रति क्विंटल पर नहीं पहुंच सका है, इसी तरह ये 4000 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे भी नहीं गया है. सोयाबीन के लिये सबसे पहले सात नवंबर को मॉडल रेट जारी किया गया था, उस दिन 4020 रुपये प्रति क्विंटल रेट तय किया गया था. उसके बाद से ये रेट लगातार ऊपर ही बना हुआ है, कभी भी इस रेट से नीचे नहीं गया. अब मॉडल रेट जारी करने का सिलसिला डेढ़ माह से अधिक हो गया है, इस बीच 22 नवंबर को सबसे अधिक 4285 रुपये प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था.

# जिले में कृषक सम्मेलन का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तत्वावधान में आज दिनांक 25 दिसंबर 2025 को जिले के कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में एक भव्य कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान भाइयों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि अमित यादव एवं हरिशंकर दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने किसानों को संबोधित करते हुए शासन की किसान हितैषी योजनाओं एवं प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला।

शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात सम्मेलन में उपस्थित सभी किसान भाइयों को जिला रीवा से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं




मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के माध्यम से दिए गए उद्बोधन को सुनाया गया, जिसमें किसानों के कल्याण, प्राकृतिक खेती तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार पर विशेष जोर दिया गया।

इसके उपरांत कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के उपसंचालक (शह) एवं परियोजना संचालक आत्मा पान सिंह करोरिया द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने सरल भाषा में जीवामृत, बीजामृत एवं घनजीवामृत तैयार करने की विधि तथा इनका प्राकृतिक खेती में फसलों पर उपयोग किस प्रकार किया जाए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पुनीत राठौर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एम.के. भार्गव द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में स्थापित मॉडल प्राकृतिक खेती इकाई पर जीवंत प्रदर्शन किया गया। उन्होंने प्राकृतिक खेती की तकनीकों, भूमि की उर्वरता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने एवं पर्यावरण संरक्षण के लाभों के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि डॉ. किरण रावत, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, जिले के समस्त विकासखंडों के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक संचालक कृषि डॉ. किरण रावत द्वारा सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं किसान भाइयों का आभार व्यक्त किया गया तथा कृषक सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# रोटरी क्लब का कैंप सपन्न, 51 पेशेंट सर्जरी के लिए हुए चिन्हाकित

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुभाषपुरा पर रोटरी क्लब इंटर नेशनल एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर सपन्न हुआ। शिविर में 200 ग्रामीण महिला पुरूषों से पंजीयन कराया। जिसमें जिले से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों के परीक्षण के उपरांत 51 पेशेंट सर्जरी के लिए चिन्हाकित किए गए।

भगवान श्री गणेश की अराधना कर रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपेश सांखला, इंजीनियर पवन जैन, डॉ. दिलीप जैन, डॉ. एसके वर्मा,




दिलीप वैश्य, राजेश वर्मा, गोविंद गोयल, बीएमओ डॉ महेन्द्र धाकड, नोडल अधिकारी स्वास्थ्य शिविर डॉ विनय पिप्पल, बीसीएम संतोष शर्मा ने विशेष स्क्रीनिंग कैंप का शुभारंभ किया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर से चिकित्सकीय दल सुभाष पुरा पहुंचा जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप गर्ग, मेडीसिन विशेषज्ञ डॉ विवेक विमल, मेडीकल आफीसर डॉ. मोनिका मंगल, दंत रोग चिकित्सक डॉ. अंजली सिंधल, नेत्र सहायक आर.के. श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट हदेश सेंगर शम्मिलित थे । चिकित्सकीय दल ने 200 ग्रामीण महिला पुरूष एवं बच्चों का परीक्षण किया। जिसमें 48 रोगी मोतिया बिन्द से ग्रसित होकर आपरेशन के लिए चिन्हाकित किए गए। इसी प्रकार 04 रोगी पाइल्स सर्जरी हेतु, 03 हयरिंग इम्पयरमेंट, 01 जीभ का केंसर, 01 दांत की समस्या तथा 01 मानसिक समस्या से ग्रसित होकर उपचार के लिए चिन्हाकित किए गए।

## सतवास मामले में पति पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज

**देवास।** सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बवाल के बाद देर शाम हुई मारपीट और हवाई फायर की घटना में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। सतवास थाना पुलिस ने नारायण सोनी और उसकी पत्नी रानी सोनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फरियादी निखिल राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 दिसंबर की शाम नारायण सोनी ने उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि रानी सोनी ने लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से हवाई फायर किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना।

# भावखेड़ी उचित मूल्य दुकान में अनियमितताएं पर प्राथमिकी दर्ज

## खाद्यान्न के स्थान पर नगद राशि वितरण संबंधी शिकायत

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** शासकीय उचित मूल्य दुकान भावखेड़ी में खाद्यान्न के स्थान पर नगद राशि वितरण संबंधी शिकायत प्राप्त होने के बाद सहायक आपूर्ति अधिकारी शिवपुरी द्वारा ईको विकास समिति सुरवाया संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान भावखेड़ी की जांच की गई।

शिकायत के अनुसार खाद्यान्न के स्थान पर नगद राशि वितरण संबंधी जांच में विक्रेता नीलेश शर्मा द्वारा भौतिक स्टॉक सत्यापन कराया गया। एईपीडीएस पोर्टल पर दर्ज शेष स्टॉक से मिलान पर गेहूं 78.31 क्विंटल (बाजार मूल्य 1,87,944 रुपये), चावल 42.73 क्विंटल (बाजार मूल्य 1,28,190 रुपये) एवं अन्य 0.24 क्विंटल (बाजार मूल्य 1,080 रुपये) की कमी पाई गई। इससे विक्रेता द्वारा हितग्राहियों के अंगूठे पीओएस मशीन पर लगवाकर खाद्यान्न के स्थान पर नगद वितरण का स्पष्ट प्रमाण मिला। मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 की कंडिका 10(03), 11(03) एवं 13(02) का उल्लंघन होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत विक्रेता नीलेश शर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। उक्त दुकान का संचालन प्राथमिक सहकारी समिति सिरसौद को सौंप दिया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की जरुरतें पूरी नहीं हुयीं

विशेष संवाददाता

**भोपाल,25 दिसंबर. पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश्वर पटेल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में राज्य सरकार ग्रामीण मध्य प्रदेश की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है.**

कांग्रेस नेता पटेल ने कहा कि कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रमुख कल्याणकारी एवं विकास योजनाएँ धराशायी हो गई हैं. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली प्रमुख योजनाओं को 'सुनियोजित ढंग से कमजोर किया गया'. उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख करते हुए दावा किया कि राज्य में पंजीकृत श्रमिकों में से एक प्रतिशत को भी 100 दिन का पूर्ण रोजगार नहीं मिला, जो ग्रामीण मजदूरों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है.

पटेल ने प्रधानमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश की महिलाओं को 179 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने की हालिया घोषणा पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि यह राशि वास्तव में लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुँची, बल्कि यह केवल राजनीतिक प्रचार तक सीमित रही.

# डीपीसी दफेदार सिंह ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खनियांधाना, 25 दिसम्बर।** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास खनियाधाना का डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा ओचक निरीक्षण किया गया जिसमें छात्राओं से संवाद कर परीक्षा पर चर्चा की गई एवं ओलंपियाड परीक्षा में उत्तीर्ण हुई बालिकाओं कुमारी कल्पना यादव पिता श्री उदय भान सिंह यादव, मानसमोहनी यादव पिताश्री देवेंद्र यादव, प्राची राजा चौहान पिताश्री गजेंद्र सिंह, कंचन




जाटव पिताश्री रूप कुमार जाटव को प्रोत्साहित कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर एपीसी जेंडर उमेश कारारे, राजोरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे छात्रावास में वार्डन श्रीमती



गीता भरदेलिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ओलंपिया एक्जाम में पास हुई बालिकाओं का डीपीसी द्वारा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार वितरण किए गए ।

# स्टेशनों पर गूंजेगी साहिबजादों की शहादत

**भोपाल, 25 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबज़ादों की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद करेगा.**

इस अवसर पर मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों से साहिबज़ादों की अद्वितीय वीरता, साहस और बलिदान को दर्शाया जाएगा.

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में स्टेशन परिसरों में एलईडी स्क्रीन, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली और सूचना पटल के



## साहिबजादों की शहादत के बारे में यात्री जानेंगे

## नयी पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने की पहल

माध्यम से ऐतिहासिक घटनाओं का प्रसारण किया जाएगा. इसके जरिए यात्रियों को कम उम्र में धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए साहिबज़ादों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान से अवगत कराया जाएगा.

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह आयोजन यात्रियों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्र की गौरवशाली विरासत और नैतिक मूल्यों से प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. साहिबज़ादों ने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने के बजाय साहस, आत्मसम्मान और कर्तव्य पथ को अपनाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी.

> पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, बल्कि राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना भी है. ऐसे आयोजनों से यात्रियों में देशभक्ति, नैतिकता और इतिहास के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया जा सकता है.

## हनीट्रैप मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**देवास.** हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के एक चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रही शातिर आरोपी परिधि नामदेव को नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण करने जा रही थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस को सूचना मिल गई और उसे रास्ते में धरदबोच लिया गया. पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 28 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया है. फिलहाल उससे गहन पूछताछ की जा रही है. गौरतलब है कि ग्राम राजौदा निवासी भावेश ठाकुर ने इस मामले में परिधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी.

# बलात्कार के मामले में आरोपी संजय कुशवाह गिरफ्तार

## न्यायालय में किया पेश

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 25 दिसम्बर।** थाना नरवर पुलिस ने बलात्कार के गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय कुशवाह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा में पेश किया है। थाना नरवर पर फरियादिया मीना ओढ पत्नी ईदल सिंह ओढ उम्र 40 वर्ष, निवासी दीनदयालनगर नरवर द्वारा 16 नवंबर 2025 को अपनी पुत्री के बिना बताए घर से चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर गुमइंसान कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान गुमशुदा पीड़िता को 19 दिसंबर 2025 को दस्तयाब किया गया।

दस्तयाबशुदा पीड़िता के कथनों के आधार पर उसी दिन आरोपी संजय कुशवाह पुत्र गोविन्ददास कुशवाह उम्र 19 वर्ष, निवासी पारवाली माता के पास नरवर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 277/25 अंतर्गत धारा 64(2) एम, 127(4), 351(3), 87, 115(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरवर विनय यादव एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा आरोपी को 25 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा में पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक विनय यादव, उप निरीक्षक जूली तोमर, सहायक उप निरीक्षक राधाकृष्ण बंजारा, प्रधान आरक्षक 201 सुनील भार्गव, प्रधान आरक्षक 255 हरिकृष्ण यादव, आरक्षक 400 परिमाल, 778 रामबीर बघेल, 248 भोला राजावत, 784 गजेन्द्र जाटव, 426 नरेन्द्र मोर्य, 815 माधी सिंह, आरक्षक अवधेश भारद्वाज, गौरव जाट, 684 अजय गुर्जर, 622 दीपक, 248 भोले सिंह एवं महिला आरक्षक कीर्ति मौर्य की इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही।